संशोधित पत्र

प्रेषक,

संख्या : 3214/सं0नि0-17(3)/2024-25

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तर प्रदेश, शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

लखनऊ : दिनाँक 19 नवम्बर, 2024

विषय- वित्तीय वर्ष 2024-25 में "उ0प्र0 गौरव सम्मान-2024-25" हेतु नामांकन उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस निदेशालय के पत्र सं0 2981/सं0नि0-17(3)/2024-25 दिनांक 06 अक्टूबर, 2024 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश के ऐसे ख्यातिलब्ध महानुभावों जिन्होंने विभिन्न विधाओं एवं कार्यक्षेत्रों यथा- कला एवं संस्कृति, कृषि, उद्यमिता, कौशल विकास, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, साहित्य, शिक्षा, खेल, समाज सेवा, पर्यावरण, महिला सशक्तीकरण, ग्राम विकास आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल करने वाले को 'उ0प्र0 गौरव सम्मान' से अलंकृत किये जाने हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किये गये थे एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में **'उ0प्र0 गौरव सम्मान'** हेतु पात्र महानुभावों के नामांकन 25.11.2024 तक प्राप्त किया जाना है।

उक्त पत्र में नामांकन प्रस्तावित करने की तिथि 15.11.2024 अंकित हो गयी है, को 25.11.2024 पढ़ा जाये। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

Shishir

(शिशिर)
निदेशक

संख्या : /सं0नि0-17(3)/2024-25, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः अनु सचिव, संस्कृति अनुभाग, उ0प्र0 शासन, सचिवालय, बापू भवन लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

/

(दिलीप कुमार गुप्ता)
अपर निदेशक

संख्या : 2981 /सं0नि0-17(3)/2024-25

प्रेषक,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तर प्रदेश, शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी,
   उत्तर प्रदेश।

लखनऊ : दिनाँक 06 अक्टूबर, 2024

विषय- वित्तीय वर्ष 2024-25 में "उ0प्र0 गौरव सम्मान-2024-25" हेतु नामांकन उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि संस्कृति विभाग, उ0प्र0 द्वारा प्रदेश के ऐसे ख्यातिलब्ध महानुभावों जिन्होंने विभिन्न विधाओं एवं कार्यक्षेत्रों यथा- कला एवं संस्कृति, कृषि, उद्यमिता, कौशल विकास, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, साहित्य, शिक्षा, खेल, समाज सेवा, पर्यावरण, महिला सशक्तीकरण, ग्राम विकास आदि में अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्टता के आयाम स्थापित करते हुए राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरव हासिल करने वाले को 'उ0प्र0 गौरव सम्मान' से अलंकृत किया जाता है।

2- शासनादेश संख्या-2056/चार-2021, दिनांक 12 नवम्बर, 2021 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा **'उ0प्र0 गौरव सम्मान'** नियमावली, 2021 में 'उ0प्र0 गौरव सम्मान' हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं।

3- **'उ0प्र0 गौरव सम्मान'** के लिये नामांकन नियमावली के बिन्दु संख्या 5(क) के अनुक्रम में संस्तुतकर्ता द्वारा संलग्न प्रारूप पर स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए निदेशक, संस्कृति निदेशालय को प्रेषित किया जायेगा। निदेशक, संस्कृति निदेशालय द्वारा परीक्षणोपरान्त मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा। स्क्रीनिंग कमेटी की संस्तुतियों पर मा0 मुख्यमंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त चयनित व्यक्तियों को **'उ0प्र0 गौरव सम्मान'** से सम्मानित किया जायेगा।

4- **'उ0प्र0 गौरव सम्मान'** हेतु दिनांक 24.10.2024 से 25.11.2024 तक पात्र महानुभावों के नामांकन निर्धारित प्रारूप पर भरकर प्रस्तावित कराकर ऑनलाइन gauravsammanup@gmail.com एवं ऑफलाइन **'निदेशक, संस्कृति निदेशालय उ0प्र0, नवम तल, जवाहर भवन, लखनऊ** पर प्रेषित किये जा सकते हैं।

अतएव आपसे अनुरोध है कि कृपया संलग्न नियमावली के बिन्दु 5 (क) के अनुक्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में **'उ0प्र0 गौरव सम्मान'** हेतु पात्र महानुभावों के नामांकन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 15.11.2024 तक ऑनलाइन/ऑफलाइन प्रस्तावित करने का कष्ट करें।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(शिशिर)
निदेशक

संख्या : 2981 /सं0नि0-17(3)/2024-25, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः अनु सचिव, संस्कृति अनुभाग, उ0प्र0 शासन, सचिवालय, बापू भवन लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(दिलीप कुमार गुप्ता)
अपर निदेशक

...man 2024-25\Gaurrav Samman 2024-25 letter.docx